सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 12.05.2026

#CRACKDOWN

- **इटावा पुलिस की बड़ी कार्रवाई; 24 घंटे के भीतर दूसरी मुठभेड़।**
- **01 वांछित अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार,**
- **कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 खोखा व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर तथा घटना मे प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री अभयनाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर सुश्री आयुषी सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना जसवंतनगर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना /गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव** के निर्देशन में दिनांक 12.05.2026 को थाना जसवंतनगर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत कुरसैना तिराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान 01 संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति आता दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया तो मोटरसाइकिल सवार द्वारा तेज गति से भागने का प्रयास किया गया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त का पीछा किया गया। अभियुक्त की मोटरसाइकिल अनियन्त्रित होकर फिसल गई। स्वयं को पुलिस टीम से घिरता देख अभियुक्त द्वारा जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायरिंग की गयी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग मे **अभियुक्त अकेला पुत्र अरविन्द उर्फ करिया के दाहिनें पैर मे गोली लगी जिसे घायल अवस्था मे 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर व घटना मे प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया।**

घायल अभियुक्त अकेला को उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया है।

पुलिस पूछताछः-

गिरफ्तार अभियुक्त अकेला से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गयी तो उसने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि मैं और मेरे परिवार के लोग (कंजड कॉलोनी, कोठी कैस्त) काफी समय से इलाके में वर्चस्व को लेकर दूसरे पक्ष से रंजिश रखते हैं। दिनांक 08.04.2026 को हम लोगों ने लामबंद होकर दूसरे पक्ष पर जान से मारने की नियत से लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला किया तथा मौके से फरार हो गये। उक्त घटना के संबंध मे थाना जसवन्तनगर पर **मु0अ0सं0 88/2026 धारा 109(1), 125, 190, 191, 191(1), 351(3), 352 BNS एवं धारा 7 आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम** भादवि पंजीकृत है ।

उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के संबंध मे थाना जसवन्तनगर पर मु0अ0सं0 135/2026 धारा 109(1), बीएनएस (पुलिस मुठभेड़) व धारा 3 / 25 / 27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया ।

बरामद मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स को धारा 207 एमवीएक्ट मे सीज किया गया।

नोटः- ***अभियुक्त शातिर किस्म का आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध चोरी, नकबजनी, अवैध शस्त्र रखने, मादक पदार्थों की तस्करी (NDPS) तथा गैंगस्टर एक्ट जैसे कुल 11 संगीन अभियोग पंजीकृत हैं।***

गिरफ्तार अभियुक्त-

अकेला पुत्र अरविन्द उर्फ करिया निवासी कोठी कैस्त थाना जसवंतनगर इटावा।

पंजीकृत अभियोग-

मु0अ0सं0 135/2026 धारा 109(1), बीएनएस (पु0मु0),धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा।

बरामदगीः-

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 01 खोखा कारतूस 315 बोर।
3. 02 जिंदा कारतूस 315 बोर।
4. 01 मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स **(घटना मे प्रयुक्त)**

आपराधिक इतिहास-

अकेला पुत्र अरविन्द उर्फ करिया

1. मु०अ०सं० 0476/2021: धारा 147, 323, 504, 506 भादवि थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा।
2. मु०अ०सं० 0114/2022: धारा 380, 411, 457 भादवि थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा।
3. मु०अ०सं० 0269/2022: धारा 380, 411, 457 भादवि थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा।
4. मु०अ०सं० 0270/2022: धारा 411, 413 भादवि थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा।
5. मु०अ०सं० 0369/2022: धारा 3(1) उ०प्र० गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम भादवि थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा।
6. मु०अ०सं० 0112/2024: धारा 323, 452, 504, 506 भादवि थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा।
7. मु०अ०सं० 0167/2024: धारा 115(2), 351(2), 352 भादवि थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा।
8. मु०अ०सं० 0169/2024: धारा 25/3 आयुध अधिनियम एवं धारा 8/20/8B NDPS Act भादवि थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा।
9. मु०अ०सं० 0039/2025: धारा 115(2), 351(3), 352 भादवि थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा।
10. मु०अ०सं० 0404/2025: धारा 25/3 आयुध अधिनियम भादवि थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा
11. मु०अ०सं० 88/2026: धारा 109(1), 125, 190, 191, 191(1), 351(3), 352 BNS एवं धारा 7 आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम भादवि थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा।
12. मु0अ0सं0 135/2026 धारा 109(1), बीएनएस (पु0मु0),धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा।

पुलिस टीम- थानाध्यक्ष जसवन्तनगर श्री कमल भाटी मय टीम।